E-mail/Speed Post/by Hand

स्व[illegible] बनबसा | स्वस्थ बनबसा | सुन्दर बनबसा

# !!कार्यालय नगर पंचायत बनबसा (चम्पावत)!!

(स्वच्छता ही सेवा)

Email- eo.nagarpanchayatbanbasa@gmail.com

**पत्रांक– 742 /ठो0अप0प्रब0/2022–23** **दिनांक–09–02 –2023**

सेवा में,

प्रभागीय वनाधिकारी
तराई पूर्वी वन प्रभाग
हल्द्वानी।

**विषय–** जनपद–चम्पावत के अन्तर्गत नगर पंचायत बनबसा एवं नगर पालिका परिषद, टनकपुर के कूड़ा निस्तारण हेतु बनबसा में ट्रंचिंग ग्राउण्ड के निर्माण हेतु 0.80 है0 वन भूमि लीज पर लिये जाने के सम्बन्ध में। **(Proposal No FP/UK/Others/33662/2018)**

**संदर्भ–** भारत सरकार पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय देहरादून का पत्र सं0–8B/UCP/109/112/2021/FC/1254 दिनांक 20.12.2022 एवं वन संरक्षक पश्चिमी वृत्त का पत्रांक R 4134/12-1 दिनांक 31.12.2022।

महोदय

उपरोक्त विषयगत आपके कार्यालय के पत्र संख्या 4286/12–1 हल्द्वानी दिनांक 21 जनवरी 2023 के अनुपालन के क्रम में सादर अवगत करना है कि इस कार्यालय के पत्र संख्या 686/ठो0अप0प्रब0/2022–23 दिनांक 18 जनवरी 2023 के द्वारा संदर्भित (छायाप्रति संलग्न) विषयगत प्रकरण में लगाई गयी आपत्तियों का बिन्दुवार निराकरण/आख्या महोदय को प्रेषित की गई हैं। उक्त के क्रम में पुनः संदर्भित पत्र में उक्त विषयक वन भूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव में कतिपय बिन्दुओं त्रुटियॉ पाते हुऐ आवश्यक सूचनायें चाही गई है जो कि बिन्दुवार निम्नवत् हैं:–

| बिन्दु संख्या | आपत्ति | निस्तारण |
|---|---|---|
| बिन्दु संख्या 1:– | प्रस्तावित non site-specific परियोजना के लिये वन भूमि के चयन हेतु प्रदान किया गया औचित्य पर्याप्त प्रतीत नहीं होता है। आस–पास काफी गैर वन क्षेत्र उपलब्ध है जिसको इस परियोजना के लिये चयनित किया जा सकता है। | महोदय उक्त बिन्दु के अनुपालन में सादर अवगत कराना है कि इस परियोजना के लिये प्रस्तावित वन भूमि के अतिरिक्त आस–पास की अन्य भूमि उत्तर प्रदेश सिंचाई विभाग की है जिस कारण वन विभाग, राजस्व विभाग एवं इस निकाय द्वारा संयुक्त स्थलीय निरीक्षण कर उक्त स्थल को ट्रंचिंग ग्राउण्ड के निर्माण हेतु सर्वोत्तम मानते हुऐ भूमि का चयन किया गया है। साथ ही महोदय को यह भी अवगत कराना है कि उक्त परियोजना हेतु जिलाधिकारी महोदय चम्पावत द्वारा प्रमाणित न्यूनतम भूमि प्रमाण पत्र भी प्रस्ताव के साथ संलग्न किया गया है। (छायाप्रति संलग्न) |
| बिन्दु संख्या 2:– | ऑनलाईन भाग I के पैरा H में आवश्यक सुधार करने का कष्ट करें। | महोदय उक्त बिन्दु के अनुपालन में सादर अवगत कराना है कि उक्त परियोजना के लिये वन भूमि हस्तान्तरण के पश्चात ही निर्माण कार्य कराये जाने से पूर्व Environment Clearence प्राप्त किया जायेगा। |

अतः महोदय से सादर निवेदन है कि उपरोक्त प्रकरण में आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें।

भवदीय

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत बनबसा
चम्पावत।

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत
बनबसा (चम्पावत)

**प्रतिलिपिः–** निम्नलिखित की सेवा में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. मा0 अध्यक्ष महोदय, नगर पंचायत बनबसा।
2. सचिव, शहरी विकास विभाग, उत्तराखण्ड शासन, देहरादून।
3. आयुक्त महोदय, कुमाऊँ मण्डल, नैनीताल।
4. निदेशक महोदय, शहरी विकास निदेशालय, उत्तराखण्ड, देहरादून।
5. जिलाधिकारी महोदय, चम्पावत।
6. उपजिलाधिकारी महोदय, श्री पूर्णागिरी (टनकपुर)।

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत बनबसा
चम्पावत।

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत
बनबसा (चम्पावत)

O/C